महत्वपूर्ण

संख्या-141/2016/1149/22-4-16-48(30)/14

प्रेषक,

आर0के0 दिवेदी,
विशेष कार्याधिकारी,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

महानिरीक्षक
कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवाएं
उ0प्र0, लखनऊ।

कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवाएं अनुभाग-4 लखनऊ दिनांक- 05 सितम्बर, 2016

विषय- ई-प्रिजन कार्ययोजना के अन्तर्गत प्रदेश की कारागारों में निरूद बन्दियों के परिजनों को कम्प्यूटरीकृत मुलाकात पर्ची के माध्यम से मुलाकात की नि:शुल्क सुविधा प्रदान किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या-23723/शोध एवं प्र0सु0अनु0-5, दिनांक 02 अगस्त, 2016 का कृपया संदर्भ ग्रहण करें, जिसके द्वारा ई-प्रिजन कार्ययोजना के अन्तर्गत प्रदेश की कारागारों में निरूद बन्दियों के परिजनों को कम्प्यूटरीकृत मुलाकात पर्ची के माध्यम से मुलाकात की नि:शुल्क सुविधा प्रदान किये जाने हेतु शासन की स्वीकृति प्रदान करने का अनुरोध किया गया है।

2- इस सम्बन्ध मे मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि सम्यक् विचारोपरान्त यह निर्णय लिया गया है कि प्रदेश की कारागारों में निरूद बन्दियों के परिजनों को नि:शुल्क मुलाकात की सुविधा उपलब्ध कराई जाय। कृपया तदनुसार अग्रेतर कार्यवाही कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

(आर0के0 दिवेदी)
विशेष कार्याधिकारी।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in